Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006

Participants : Singh Baba Shri K.C.

>

Title : Need to identify Mukteshwar Development block of district Nainital, Uttaranchal as a remote area.

श्री के.सी.सिंह 'बाबा' (नैनीताल) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के मुक्तेश्वर विकास खण्ड रामगढ़, जनपद नैनीताल, उत्तरांचल को दुर्गम क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया जाए।

यह क्षेत्र समुद्र तल से सात हजार पांच सौ फीट (7500 फीट) की ऊँचाई पर स्थित है और यहां की भौगोलिक स्थिति विाम एवं कठिन है, यहां शीतकाल में अधिकतर हिमपात होता रहता है। वाा एवं हिमपात के कारण यहां के मार्ग अवरूद्ध हो जाते हैं, जिसके कारण यहां के जनमानस को मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां के नजदीकी शहर लगभग 70-80 कि.मी. की दूरी पर स्थित हैं।

इस क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र जैसे प्यूड़ा, मौना और पौखरी आदि क्षेत्रों को दुर्गम स्थान घोाित किया जा चुका है।

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मुक्तेश्वर, नैनीताल, उत्तरांचल में स्थित है। इस संस्थान के कर्मचारियों तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों को इस दुर्गम स्थान पर कार्य करने का भत्ता नहीं मिलता इसलिए मुक्तेश्वर को दुर्गम क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया जाए, जिससे यहां के कर्मचारियों तथा जनमानस को लाभ मिल सके।